वित्त मंत्रालय

डीआरआई ने चेन्नई में 14.43 करोड़ रुपये का तस्करी कर लाया गया 23.34 किलोग्राम विदेशी सोना जब्त किया, मामले से जुड़े दो लोग भी पकड़े गए

प्रविष्टि तिथि: 12 MAY 2023 9:07PM by PIB Delhi

राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने इस सप्ताह चलाए गए दो अलग-अलग अभियानों में, चेन्नई अतंरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 14.43 करोड़ रुपये का तस्करी कर लाया गया 23.34 कि.ग्रा. विदेशी सोना जब्त किया है। और, इस तरह देश में विदेशी सोने की तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया।

यह अभियान 8 मई 2023 को चलाया गया था। डीआरआई अधिकारियों को खुफिया जानकारी मिली कि एक यात्री जो कोलंबो होते हुए दुबई से चेन्नई अतंरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा, वो भारी मात्रा में विदेशी मूल का तस्करी का सोना ले जा रहा है और चेन्नई में अपने निवास की ओर जा रहा है।

इस जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए, उस यात्री को उस वक्त पकड़ लिया गया जब वह अपने आवास के पास एक ऑटो रिक्शा से उतर रहा था। जब उसकी जांच की गई तो घुटनों पर लपेटी गई उसकी विभिन्न टोपियों और उसके पैंट में विशेष रूप से बने पाउच में गाढ़ा तरल (पेस्ट) रूप में छुपाए गए सोने की बरामदगी हुई। इसमें कुल 8.28 करोड़ रुपये मूल्य का 13.28 कि.ग्रा. सोना पाया गया जिसे जब्त कर लिया गया।

इसी तरह 11 मई, 2023 को चलाए गए एक अन्य अभियान में, डीआरआई अधिकारियों ने कोलंबो से आ रहे एक श्रीलंकाई नागरिक को चेन्नई अतंरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पकड़ा। उस यात्री के हैंड बैगेज की जांच करने पर गाढ़ा तरल के रूप में सोना चॉकलेट के 8 पैकेट में छिपाकर रखा हुआ पाया गया। इस गाढ़ा तरल को पिघलाने से 10.06 कि.ग्रा. सोना निकला, जिसकी कीमत 6.15 करोड़ रुपये है।

इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

***

एमजी/एमएस/आरपी/एके/डीवी

(रिलीज़ आईडी: 1923833) आगंतुक पटल : 314
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu